निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो,

ओ.डी.ओ.पी. प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश

दिनांक 17 मार्च, 2018 को आयोजित एक जनपद–एक उत्पाद योजना की आगरा, अलीगढ, झॉसी एवं चित्रकूट धाम मण्डल की बैठक के कार्यवाही योग्य बिन्दु

- लैदर पार्क, आगरा पर लगे स्टे आर्डर को हटाने का प्रयास किया जाये

  (श्री भरत सिंह, अध्यक्ष, जूता दस्तकार फैडरेशन)

- फिरोजाबाद में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे के पास ग्लास एक्सपो मार्ट के लिये भूमि उपलब्ध करायी जाये

  (श्री संजय अग्रवाल, प्रतिनिधि य.पी.ग्लास मैन्युफैक्चर्स सिण्डीकेट, फिरोजाबाद)

- फिरोजाबाद में स्थित सी.डी.जी.आई. (सेन्टर फार डेवलपमेंन्ट आफ ग्लास इण्डस्ट्रीज, एमएसएमई) भारत सरकार की संस्था है, जो इस समय निष्क्रिय है, यदि इसका संचालन फिरोजाबाद के उद्यमियों को दिया जाता है, तो इसका फायदा फिरोजाबाद की कॉच इकाइयों को मिल सकेगा।

  (श्री संजय अग्रवाल, प्रतिनिधि य.पी.ग्लास मैन्युफैक्चर्स सिण्डीकेट, फिरोजाबाद)

- जलेसर रोड स्थित औ0 क्षेत्र में आवंटियों को यूपीएसआईडीसी द्वारा औ0 इकाई स्थापित करने हेतु नोटिस जारी किये जा रहे हैं। Adhoc moratorium लगे होने के कारण इकाइयों को गैस न मिलने के कारण इकाइयॉ संचालित नहीं हो पा रही है, अतः नोटिस जारी न किये जायें। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त महोदय व्दारा प्रबन्ध निदेशक, यूपीएसआईडीसी को निर्देशित किया कि Adhoc moratorium हटने तक इकाइयों को नोटिस न जारी किये जायें।

  (श्री संजय अग्रवाल, प्रतिनिधि य.पी.ग्लास मैन्युफैक्चर्स सिण्डीकेट, फिरोजाबाद)

- विदेशों में होने वाले मेलों का कलेण्डर तैयार कर जिलाधिकारियों को भेजा जाये।

  (श्री संजय अग्रवाल, प्रतिनिधि य.पी.ग्लास मैन्युफैक्चर्स सिण्डीकेट, फिरोजाबाद)

- पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष 3 गुना राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय मेलों में प्रतिभाग करने हेतु बजट दिलाया जा रहा है। जिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगें कि किस अर्न्तराष्ट्रीय मेले में किस शिल्पी व्दारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा उद्यमियों के स्थान पर शिल्पियों को मेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्राथमिकता प्रदान करें।

  (श्री संजय अग्रवाल, प्रतिनिधि य.पी.ग्लास मैन्युफैक्चर्स सिण्डीकेट, फिरोजाबाद)

- तारकशी शिल्प हेतु मैनपुरी में कच्चे माल का डिपो बनाया जाये तथा डिजायन उपलब्ध करायी जायें, ताकि अच्छी गुणवत्ता का शिल्प उत्पादित हो सके।

  (शिल्पी श्री नेमीचन्द्र शाक्य)

- सिलेण्डर तकनीक से ताला बनाने हेतु एक प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगढ़ में खोला जाये ताकि तकनीकी उन्नयन हो सके।

  (श्री पवन खण्डेलवाल, अलीगढ़)

- हाथरस में टैस्टिंग लैब स्थापित करने हेतु सुविचारित प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करायें।

  (श्री राजेन्द्र खण्डेलवाल, हाथरस)

- कच्चे माल का डिपो जलेसर में बनाया जाये।

  (श्री जावेद खॉ, जलेसर, एटा)

- कासगंज में विपणन की उचित व्यवस्था करायी जाये, जिससे कारीगरों को सीधे फायदा मिल सके।

  (मौ0 नौशाद, कासगंज)

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त महोदय द्वार दिये गये निर्देशः—

- सरकारी कार्यालयों में हैण्डमेड कागज से बने फाईलकवरों को उपयोग किये जाने सम्बन्धी पूर्व शासनादेश का अध्ययन कर उसे पुनर्जीवित किया जाये।
- चित्रकूट के शिल्पियों को आन्ध्र प्रदेश ले जाकर एक्सपोज़र विजिट करायें।
- बायर—सेलर मीट की व्यवस्था करने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करें जिसमें शजर स्टोन भी रहे।
- ई—कॉमर्स के माध्यम से एप्रोच करें, तो विपणन की समस्या का काफी हद तक निदान हो सकता है।
- सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु कैम्प लगाकर लाभार्थियों को ऋण वितरण करायें।